# कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**

विज्ञप्ति संख्या– 31 / 2025 दिनांक– 22 सितम्बर 2025

## :– अंतिम परीक्षा परिणामः–

## उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 02 पदों तथा एसोसिएट प्रोफेसर के रिक्त 07 पदों (बैकलॉग सहित) का अंतिम परीक्षा परिणाम

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 07 / 2024–25 / 888, दिनांकः 19 दिसम्बर, 2024 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 02 पदों तथा एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 07 पदों (बैकलॉग सहित) पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके क्रम में एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) पद हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 28 जून 2025 (शनिवार) को तथा प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त पदों पर लिखित परीक्षा दिनांक 29 जून 2025 (रविवार) को दो पालियों में यथा प्रथम पाली प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह् 01.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह् 02.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक आयोजित की गई थी। एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) तथा प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा अनुक्रमांकवार परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण अभ्यर्थियों के सूचनार्थ पत्र संख्या उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 07 / 2024–25 / 606 दिनांक 25 अगस्त 2025 के माध्यम से प्रकाशित किया गया, जिसमें लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर श्रेणी–उपश्रेणीवार रिक्त एक पद के सापेक्ष तीन गुना अभ्यर्थियों को दिनांक 09 सितम्बर 2025 को चयन बोर्ड कार्यालय में साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया। प्रोफेसर / एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) परीक्षा–2024 हेतु प्रकाशित विज्ञापन एवं सेवा नियमावली के मानकों के आधार पर प्रोफेसर / एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के कुल योग के आधार पर अंतिम श्रेष्ठता सूची (मैरिट लिस्ट) तैयार की गई है। अंतिम श्रेष्ठता सूची में उर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षणों को लागू करते हुए प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 02 पदों तथा एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 07 पदों (बैकलॉग सहित) पर अन्तिम परीक्षा परिणाम चयन बोर्ड द्वारा पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 07 / 2024–25 / 682, दिनांकित 22 सितम्बर 2025 द्वारा बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से प्रसारित कर दिया गया है।

ह0 / –
(प्रदीप जोशी)
सचिव